## ॥ प्रणाम ॥

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, दशमी, विक्रम संवत 2073, शतभिषा नक्षत्र, ब्रह्म योग

### आज नगर में

पेशी: सतलोक आश्रम प्रकरण में रामपाल की पेशी सुबह 10 बजे।
बैठक: सीसवाला के सरपंच व ग्रामीण डीईओ से मिलेंगे दोपहर 12 बजे ।


**आवश्यक सूचना**

दैनिक जागरण

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि यदि आपको आपका प्रिय समाचार पत्र दैनिक जागरण मिलने में कोई असुविधा हो रही हो तो कृपया ☎01662-398412 पर सम्पर्क करें। समय : 11 से 5 बजे तक, रविवार अवकाश
- प्रसार व्यवस्थापक


# दस दिन में डीपीआर सौंपेगी कंसलटेंसी कंपनी

## उम्मीदों को पंख : अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण से पूर्व की प्रक्रिया शुरू, हैंगर निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग ने तैयार की ड्राइंग

सुरेंद्र सोढी, हिसार

**अंतरराष्ट्रीय** हवाई अड्डा निर्माण अगले दस दिन बाद शुरू होने के प्रबल आसार हैं। हवाई अड्डा के निर्माण संबंधी डीपीआर तैयार हो चुकी है। अगले दस दिनों में कंसलटेंसी कंपनी सरकार को यह रिपोर्ट सौंप देगी। इसके तुरंत बाद हवाई अड्डे से जुड़े तमाम कार्य शुरू होने वाले हैं।

बता दें कि इंटरनेशनल कंपनी ‘परॉस्ट एंड सुलीवन’ ने अंतरराष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्के के निर्माण से जुड़ी रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की तमाम सुविधाओं युक्त भवन, टर्मिनल, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर सहित इमारत व हैंगर्स की रूपरेखा तैयार की गई है। हवाई अड्डा बनने से शहर को तमाम तरह के फायदे होंगे। जब बाहर के लोग आएंगे तो यहां फाइव स्टार होटल बनेंगे। तमाम तरह की सुविधाओं की शुरुआत भी होगी।





हिसार, हवाई अड्डे पर खड़ा जहाज।
हवाई पट्टी।

### रनवे के विस्तार का काम पीडब्ल्यूडी को सौंपा

हवाई पट्टी विस्तार का एस्टीमेट पीडब्ल्यूडी को दे दिया है। प्रथम चरण में चार हजार फीट की पट्टी का विस्तार सात हजार फीट तक किया जाना है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग को एस्टीमेट के साथ 50 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है। साथ ही खर्च की राशि बढ़ाई जा सकती है। अगले चरण में हवाई पट्टी का विस्तार दस से बारह हजार फीट तक किया जा सकता है।

फिलहाल तीन अतिरिक्त हैंगर बनाने के लिए नई बिल्डिंग का एस्टीमेट तैयार कर लिया गया है। कंसलटेंसी रिपोर्ट के आधार पर ही इन हैंगर्स का निर्माण अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार किया जाएगा। सरकार ने हैंगर्स निर्माण के लिए ड्राइंग तैयार करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

**–कैप्टन बीके पूनिया, प्रभारी पिंजौर एविएशन क्लब।**

रनवे का विस्तार सात हजार फीट तक किए जाने का निर्माण शुरू हो रहा है। इससे पूर्व की औपचारिकता मसलन ड्राइंग तैयार करना, पट्टी निर्माण के आदेश व बजट आदि सब हो चुका है। चंद दिनों में रनवे विस्तार के लिए निर्माण शुरू हो जाएगा।

**–कैप्टन शैलेंद्र हुड्डा, प्रभारी एविएशन क्लब, हिसार**

कंसलटेंसी के लिए पांच नवंबर को टेंडर किया गया और जनवरी के दूसरे सप्ताह में टेंडर अलाट हुए। इस बीच 300 एकड़ जमीन लुवास की और 42 एकड़ जमीन जलघर की शिफ्ट कर हवाई अड्डा के इस्तेमाल में इस जमीन का रास्ता साफ हुआ। अब दस दिनों में कंसलटेंसी रिपोर्ट आ जाएगी। रनवे का विस्तार के आदेश हो चुके हैं। तीन हैंगर निर्माण की प्रक्रिया तेजी से चल रही है।

**–डा. कमल गुप्ता, सीपीएस एवं विधायक, हिसार**

# युवती के परिवार वाले समझाने आए तो युवक ने लगा ली फांसी

## अपने घर से गायब थी युवती, उसके परिवार वाले आए थे युवक के घर

**जागरण संवाददाता, हिसार :** पटेल नगर में 20 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। वह मजदूरी करता था और किसी लड़की से प्यार करता था।

घटना से पूर्व लड़की के परिजन उसे समझाने आए थे, जिसके बाद उसने कमेरे में जाकर फांसी लगा ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। मृतक के पिता प्रेम के बयान पर पुलिस ने मामले में इतिफाकिया कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार पटेल नगर की वाल्मीकि बस्ती निवासी सन्नी किसी लड़की से प्यार करता था। यह बात लड़की के परिजनों को पता चल गई। इस मामले को लेकर रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे लड़की की मां, भाई व दो-तीन अन्य लोग सन्नी के घर आ गए। उस समय वहां पिता प्रेम भी मौजूद था। थोड़ी देर बाद प्रेम कोल्ड ड्रिंक लेने बाहर चला गया। कुछ देर बाद जब लौटकर आया तो लड़की के परिजन घर से बाहर निकल रहे थे।

इसी दौरान सन्नी ने कमरे का दरवाजा बंद करके अंगोछे को पंखे से बांधकर फांसी लगा ली। इसी बीच मृतक का भाई सोनू भी घर पहुंच गया और शव को नीचे उतारकर बेड पर लिटा दिया। फिर पुलिस को सूचित करके घटना से अवगत कराया।



पटेल नगर में सन्नी की मौत के बाद विलाप करते परिजन

### पार्षद मौके पर पहुंचे

घटना की जानकारी मिलने पर पार्षद महेंद्र जुनेजा मौके पर पहुंच गए। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। वहीं, पुलिस को मामले में निष्पक्ष जांच के आदेश दिए हैं।

### ... और बदल गए बयान

घटना के बाद मृतक के बड़े भाई सोनू का आरोप था कि उसके भाई को मारपीट कर फांसी पर लटकाया गया है। वह एक लड़की से प्यार करता था। लड़की के परिजनों को यह बात रास नहीं आई और उन्होंने घर आकर सन्नी को धमकाया व मारपीट के पश्चात हत्या कर दी। वहीं पुलिस ने जब मृतक के पिता प्रेम से पूछताछ की तो उसने बताया कि लड़की के परिजन समझाने आए थे। यह बात सन्नी महसूस कर गया और फांसी लगा ली।

### यह भी बात सामने आई

जिस लड़की से सन्नी का प्रेम संबंध था, वह दो दिन तक इसके घर भी रही थी। रविवार सुबह परिजनों को बिना बताए वह घर से कहीं चली गई। परिजनों को लगा कि वह सन्नी के घर गई होगी। इसको लेकर वे सन्नी के घर पहुंचे और उसे मामले से अवगत कराया।

लड़की के परिजन तो सन्नी को समझाकर गए थे। पिता के बयान पर धारा 174 के तहत कार्रवाई की है। किसी तरह का कोई आरोप नहीं है।

**– हरिजंद्र, इंचार्ज पीएलए चौकी।**

# चरम पर तपिश, पारा 45 डिग्री पर पहुंचा

**जागरण संवाददाता, हिसार :** लू और गर्म हवाओं के बीच रविवार को शहर का तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया। इसके कारण दोपहर के समय शहर की सड़कें पूरी तरह से दोपहर के समय सुनसान रही। देर शाम के समय लोग घरों से बाहर निकले। रात के समय मुख्य बाजारों की रौनक कुछ हद तक लौट आई। वहीं मौसम विभाग के अनुसार आने वाले तीन चार दिनों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। इसके तहत मंगलवार, बुधवार व वीरवार के मौसम में बदलाव की उम्मीद है। यहां तक कि अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री तक की गिरावट आ सकती है।

रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 44.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री दर्ज किया। हवा में नमी 10 प्रतिशत रही, जबकि हवा की गति छह किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। वहीं शनिवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री रहा था। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस साल अधिकतम तापमान पिछले वर्ष के मुकाबले अधिक रहेगा।



गर्मी में पानी से गला तर करतीं युवतियां।

### पशुओं का रखना होगा विशेष ध्यान

पशु विशेषज्ञों के अनुसार गर्म हवाओं व बढ़ते तापमान का सीधा असर दुधारु पशुओं पर देखने को मिलता है। भैंसों व विदेशी नस्ल की गायों के लिए गर्म मौसम बेहद हानिकारक होता है। इसलिए पशुओं को ठंडे स्थान पर रखना होगा और पानी की बेहतर व्यवस्था करें। गर्मी के मौसम में पशुओं में दूध की कमी आमतौर पर देखने को मिलती है।







### एक नजर

**हादसे में बीए के छात्र की मौत**

**हिसार :** शहर थाना हांसी क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से बीए फाइनल के छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 20 वर्षीय कृष्ण मूलत: महम के गांव भैणी चंद्रपाल का रहने वाला था और किसी काम से दोस्त सुनील के साथ बाइक से हांसी आया था। वापस जाते समय ट्रक ने बाइक को साइड मार दी, जिसकी वजह से कृष्ण की मौत हो गई। वहीं उसके दोस्त सुनील को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**झुलसी महिला ने तोड़ा**

**हिसार :** भगत सिंह चौक के समीप कुई मोहल्ला वासी 50 वर्षीय लता की झुलसने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। महिला मानसिक रूप से परेशान थी। इसके चलते उसने मिट्टी तेल छिड़क कर आग लगा ली। गंभीर हालत में उपचार के लिए निजी अस्पताल में दाखिल कराया था, जहां उसने दम तोड़ दिया।

# किसान एक्सप्रेस में आज से तीन और सामान्य कोच लगेंगे

**जागरण संवाददाता, हिसार :** हिसार से बठिंडा व पुरानी दिल्ली जाने वाले रेल यात्रियों के लिए सुकून भरी खबर है। सोमवार से किसान एक्सप्रेस में तीन सामान्य कोच और जुड़ जाएंगे। इसके साथ ही रेलगाड़ी में सामान्य सफर करने वाले यात्रियों को छह की बजाए अब 9 डिब्बे उपलब्ध होंगे।

बठिंडा से दिल्ली तक 7 घंटे 20 मिनट का सफर करने वाली किसान एक्सप्रेस में सामान्य डिब्बों की संख्या कम होने के कारण सामान्य यात्रा करने वाले लोगों को बठिंडा व दिल्ली जाने के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। इसको लेकर रेलवे प्रशासन के अतिरिक्त दैनिक यात्री संघ, सांसद, विधायक व आमजन ने कई बार बीकानेर मंडल के डीआरएम व अन्य अधिकारियों के समक्ष गुहार लगाई। करीब एक साल से प्रस्तावित इस मांग पर मुहर लगाते हुए बीकानेर मंडल ने सोमवार 2 मई से किसान एक्सप्रेस में तीन सामान्य डिब्बों का इजाफा करने की घोषणा की है।

बीकानेर मंडल के सीनियर डीएम रजनीश कुमार ने ट्वीट कर किसान एक्सप्रेस में सामान्य डिब्बे बढ़ाने को लेकर कहा है कि इस रेलगाड़ी के यात्रियों का सफर और सुखद हो जाएगा।



रेलवे स्टेशन पर खड़ी किसान एक्सप्रेस।

- अभी तक रेलगाड़ी में एक वातानुकूलित, चार एसी चेयरकार व छह सामान्य डिब्बे थे

किसान एक्सप्रेस में तीन सामान्य डिब्बे बढ़ने से यात्रियों को सफर में परेशानी नहीं होगी। बठिंडा से दिल्ली तक आवागमन करने वाली किसान एक्सप्रेस में डिब्बे बढ़ाने का प्रस्ताव काफी समय से लंबित था। अब यात्रियों को राहत मिलेगी।

**– एमपी चुघ, स्टेशन मास्टर एवं यातायात प्रभारी, हिसार।**

**गड़बड़झाला:** तीन-तीन शीट मिली थी, दो जमा करानी थी, एक जमा कराई दो ले गए

# आए थे पटवारी बनने, आंसरशीट ही ले गए

**जागरण संवाददाता, हिसार :** सपना तो उनका पटवारी बनने का था। लेकिन जब परीक्षा में आए सवाल देखे तो लगा कि उनका सपना तो शायद सपना ही रह जाएगा। सो, उन्होंने आंसरशीट जमा कराने के बजाए लेकर चले जाना ही बेहतर समझा। ऐसा किसी ने एक नहीं किया बल्कि पटवारी की परीक्षा देने पहुंचे चार लोगों ने किया। बाद में पुलिस को उनके घर पर भेज कर कॉपी मंगवाई गई।

बता दें कि हिसार में 16 हजार से ज्यादा परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। पटवारी पद की परीक्षा लिए रविवार को 21 सेंटर बनाए गए थे। शांतिपूर्ण परीक्षा को लेकर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। वहीं नकल रोकने के लिए छह फ्लाइंग टीमें बनाई गई थी। इसमें दो डीईटीसी, तीन तहसीलदार और एक ईटीओ की टीम शामिल हैं।

### ये है नियम

परीक्षार्थी को तीन कॉपी मिलती है। इसमें एक ओरिजनल और दो कार्बन कॉपी होती है। ओरिजनल के साथ परीक्षार्थी को एक कार्बन कॉपी जमा करवानी होती है। मगर उक्त चारों परीक्षार्थी दोनों कार्बन कॉपी साथ ले गए थे।

हिसार में 21 सेंटर बनाए गए थे। नजर रखने के लिए छह फ्लाइंग टीम थी। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से हुई है।

**– अशोक बंसल, एसडीएम, हिसार।**

कुछ परीक्षार्थी कार्बन कॉपी जमा करवाकर नहीं गए थे। पुलिस को सूचित कर उनके घर भिजवाया गया और कॉपी मंगवाई गई। उक्त परीक्षार्थी गलती से कॉपी अपने साथ ले गए थे।

**– सुखबीर बूरा, तहसीलदार।**

दोपहर की शिफ्ट में बालसमंद रोड स्थित राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल में संदीप, धर्मबीर, पंकज और गुरु नानक स्कूल में परीक्षार्थी अजय आंसरशीट की तीन में से दो कॉपी अपने साथ ले गए जबकि उन्हें दो कॉपी जमा करवानी थी।

कॉपी कम होने का जैसे ही तहसीलदार और सेंटर इंचार्ज को पता चला तो उसी समय स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया। उन्होंने परीक्षार्थी के क्षेत्र से संबंधित पुलिस को सूचित कर उनके घर भिजवाया। परिजनों ने तुरंत परीक्षार्थी को फोन किया जिसके बाद वह कॉपी देने के लिए परीक्षा केंद्र वापस पहुंचे।